# कौन सा मंत्र जपूं मैं भगवन तुम धरती पर आओ लिरिक्स

कौन सा मंत्र जपूं मैं भगवन,
तुम धरती पर आओ,
दुविधा भारी आन पड़ी है,
आकर इसे उठाओ,
के एक वारी आओ प्रभु,
के दरश दिखाओ प्रभु।bd।

तर्ज – उड़ जा काले।

---

कहीं तो बेबस बिलख रहे हैं,
कहीं तो तड़प रहे,
कहीं तो सांसो की गिनती में,
लाखों भटक रहे,
बंद है तेरे सब दरवाज़े,
कैसे तुझे मनाएँ,
कितनों को कांधे ना मिल रहे,
क्या क्या तुझे बताएं,
के एक बारी आओ प्रभु,
के दरश दिखाओ प्रभु।bd।

---

मंदिर मस्जिद गुरुद्वारा,
गिरिजा घर होकर आए,
तेरे बिन अब कौन सहारा,
कुछ भी समझ ना आये,
हर चोंखट पर माथा टेका,
कहीं तो तू मिल जाये,
कौन सा मंत्र जपूं मैं भगवन,
तुम धरती पर आओ,
दुविधा भारी आन पड़ी है,
आकर इसे उठाओ,
के एक वारी आओ प्रभु,
के दरश दिखाओ प्रभु।bd।

गायक / प्रेषक – मनीष अनेजा जी।

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com